बर्दवान
आसनसोल
दुर्गापुर
रानीगंज

शिल्पांचल

॥ श्री हरि: ॥

सन्मार्ग

नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

बंगाल से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक

बुध वार

बंगाल
25 जुलाई, 2018
आषाढ़ शुक्लपक्ष त्रयोदशी 13, विक्रम संवत् 2075
वर्ष 73, अंक 122, पूर्णांक 25224
मूल्य 5.00 रु., कुल पेज 14

www.sanmarg.in

पेड़ में फंदे से झूलता युवक का शव बरामद : पुरुलिया : बिलुरिया पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र स्थित 1 पेड़ में फंदे से झूलते हुए 1 युवक का शव बरामद किया जिसे पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

शिल्पांचल

सीपीसीएफ और मिनी बस के चालक के बीच धक्का-मुक्की : आसनसोल : आसनसोल दक्षिण थाना अंतर्गत सीएनआर बस स्टैंड के पास मंगलवार की सुबह । मिनी बस के चालक और सीपीसीएफ कर्मी के बीच बस की पार्किंग को लेकर पहले बहस और फिर बात बढ़ने पर धक्का-मुक्की हो गई।

दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में आपदा प्रबन्धन जागरूकता कार्यक्रम

आसनसोल : दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में मंगलवार को सबीर अब्बास (उप-निरीक्षक) की अगुआई में प्रादेशिक सशत्र बल की 7वीं बटालियन के 16 सदस्यीय आपदा प्रबन्धन दल ने छात्रों को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए। सबीर अब्बास ने बताया कि छात्राओं को बताया कि किसी दुर्घटना या अप्रिय परिस्थिति में धैर्य के साथ कुछ तकनीकों को अपनाकर कैसे गम्भीर स्थिति से निपटा जा सकता है और जन हानि के खतरे को समूल टाला जा सकता है। साथ ही छात्रों को हार्ट अटैक के समय प्राथमिक चिकित्सा के तरीकों की भी जानकारी दी गई। मुख-श्वास और छाती पर दबाव

बनाकर रोगी को गम्भीर अवस्था से बाहर निकालने की विधि से छात्रों एवं शिक्षकों को अवगत कराया। वहीं नवजात शिशु के कंठ में फंसी चीज को निकालने, घटना स्थल पर उपलब्ध प्लास्टिक थैले, लकड़ी, जर्सी, कम्बल तथा रस्सी जैसी चीजों से स्ट्रेचर बनाने की जानकारी भी दी गई। स्कूल के प्रिंसिपल रामदेव शर्मा ने आपदा प्रबन्धन दल का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अपने उद्बोधन में छात्रों को बताया कि इस तरह की युक्तियां आपदाकाल में जीवन रक्षक साबित होती हैं।